उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार– 249404

संख्या : 859/05/ई–4/डी0आर0(ए0ई0)/2021–22 दिनांक : 09 जनवरी, 2024

विज्ञप्ति
'उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा–2021'

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 'उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा–2021' हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या : A-2/E-4/A.E./2021-22 दिनांक 01 सितम्बर, 2021 के सापेक्ष आयोजित लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा का परिणाम विज्ञप्ति संख्या : 190/16/AE-21/G-2/2023-24 दिनांक 26 अक्टूबर 2023 द्वारा घोषित किया गया है। उक्त परीक्षा में **सिविल अभियंत्रण से स्नातक उपाधि** धारित करने वाले ऐसे अभ्यर्थियों जो कि **सहायक अभियन्ता, सिविल (ग्रामीण निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (उत्तराखण्ड जल संस्थान), लोक निर्माण विभाग एवं आवास विभाग)** के सापेक्ष साक्षात्कार हेतु औपबंधिक रूप से सफल घोषित किए गये हैं, का साक्षात्कार उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में दिनांक **30 जनवरी, 2024 से दिनांक 16 फरवरी, 2024 तक 02 सत्रों में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग**, **हरिद्वार** में निर्धारित है।

2. उक्तांकित परीक्षा के सापेक्ष **दिनांक 07 से 09 नवम्बर, 2023** तक **परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में** सम्पन्न अभिलेख सत्यापन में साक्षात्कार हेतु औपबन्धिक रूप से सफल घोषित कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा में उपस्थित होकर निर्धारित समयान्तर्गत अभिलेख सत्यापन न कराने के कारण उक्त अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन मा0 आयोग द्वारा निरस्त कर दिया गया है। **अभ्यर्थियों के सूचनार्थ अभ्यर्थन निरस्त सूची आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित की गयी है।**

3. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थी **साक्षात्कार ज्ञाप, चेक लिस्ट, नाम में भिन्नता संबंधी स्वघोषणा, समेकित ऑनलाइन आवेदन पत्र (Consolidated Online Application Form) जिसमें पदों की वरीयता अंकित हों एवं अन्य प्रपत्र** आयोग की वेबसाइट से दिनांक 15.01.2024 से डाउनलोड करें तथा साक्षात्कार ज्ञाप में वर्णित निर्देशानुसार समस्त प्रपत्रों को भरकर अनिवार्य शैक्षिक अर्हता एवं आरक्षण आदि से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करते हुए, निर्धारित तिथि को साक्षात्कार कार्यक्रम में उल्लिखित समयानुसार मूल अभिलेखों के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

अभ्यर्थियों को पृथक से डाक द्वारा साक्षात्कार संबंधी सूचना प्रेषित नहीं की जायेगी। साक्षात्कार संबंधी विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर उपलब्ध है।

-SD-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।